हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री


एनएच-49 के निर्माण में फूंक दिए 356 करोड़ तीन साल में ही घटिया निर्माण की खुली पोल 4




## खबर संक्षेप

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर क्षेत्र के कुमला थाना अंतर्गत ग्राम माटी पहाड़ निवासी विनीत पन्ना आ. अंजलुश पन्ना (34 वर्ष) शराब पीने का आदि था। पिछले सोमवार को शराब के नशे में अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में कई दिन चले उपचार के बाद ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन विनीत को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जिले में अब तक 17161 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 17161.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 06 अक्टूबर तक की स्थिति में 10862.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1243.9 मिमी, मनोरा में 1368.9 मिमी, कुनकुरी में 1532.0 मिमी, दुलदुला में 6996.4 मिमी, फरसाबहार में 808.5 मिमी, बगीचा में 1183.3 मिमी, कांसाबेल में 1022.4 मिमी, पत्थलगांव में 977.4 मिमी, सन्ना में 1269.4 मिमी एवं बागबहार में 759.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा दुलदुला में दर्ज की गई है।

### भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सीतापुर।** डंडे से भाई पर प्राणघात हमला करने तथा घायल की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बटईकेला निवासी ओम प्रकाश मरावी 3 अक्टूबर को थाना सीतापुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुन्ना मरावी के घर एक दिन पूर्व नवाखानी का त्यौहार मना रहे थे एवं मुन्ना मरावी के घर गया था। शाम करीब 7 बजे छोटा भाई ठाकुर राम आ. खीरू राम (48 वर्ष ) मुन्ना मरावी को गंदी गंदी गाली देते जान से मारने की धमकी देते हुए लकडी के डंडा सिर में वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के आरोपी ठाकुर राम आ. खिरू राम मरावी (48 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

### मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए चलाया अभियान

**अम्बिकापुर।** शहर के सेवाभावी युवाओं की संस्था योगदान सेवा समिति ने गंगापुर स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार और कायाकल्प का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में रविवार सुबह 8.30 बजे समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर में एकत्रित होकर श्रमदान किया और वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। समिति के संयोजक प्रशांत सिंह चीकू ने बताया कि गंगापुर मुक्तिधाम में बाबूपारा, दर्रीपारा, गंगापुर, नमनाकला, सत्तीपारा, शीतला वार्ड क्षेत्र के करीब 10 वार्डो के लोग परिजन के अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। यहां कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिसे जनसहयोग से दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति की योजना मुक्तिधाम की साफ-सफाई के साथ-साथ रंगरोगन, बैठने के लिए हवादार शेड का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की उपलब्धता, शव वाहन और अस्थि कलश सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना है।

अस्पताल और तीरंदाजी केंद्र और स्कूल भवनो का होगा निर्माण

# मुख्यमंत्री की पहल पर जशपुर को पहली बार मिला 61 करोड़ का सीएसआर फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लगभग दो साल पहले जब जशपुर के बगिया के विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार सम्हाला था तो जिलेवासियों को पिछड़ेपन से मुक्ति की नई उम्मीद जागी थी । मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले जिला प्रवास के दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को वायदा भी किया था कि जिले के विकास की ऐतेहासिक रोडमैप तैयार की जाएगी।

■ 6 करोड़ 19 लाख से होगा आठ स्कूलों भवनों का निर्माण

अपने इस वायदे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने तेजी से कदम बढ़ा रहे है। इसी का नतीजा है कि जशपुर जिले को पहली बार सीएसआर फंड से 61 करोड़ की राशि विकास कार्यो के लिए आबंटित की गई है। इस राशि से जिले में स्वास्थ्य सुविधा,शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचा विकसीत करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।



**आठ स्कूल भवन का होगा निर्माण:** सीएसपीटीसीएल के सीएसआर फंड से जिले में 8 स्कूल भवनों के निर्माण के लिए 6 करोड़ 19 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें फरसाबहार ब्लाक में पंडरीपानी, गारीघाट, कंदईबहार, कांसाबेल ब्लाक में बांसबहार, कुनकुरी ब्लाक में गिनाबहार, लोधमा, बगीचा ब्लाक में टटकेला और दुलदुला में नया स्कूल भवन का निर्माण किया जाएगा। इन स्कूल भवनों के निर्माण से जिले के छात्रों को बेहतर सुविधा के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सकेगी।

**20 करोड़ से तैयार होगा तीरंदाजी केंद्र :** सीएसआर फंड से जिले में तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए 20.53 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। एनटीपीसी के सीएसआर फंड से इस तीरंदाजी केंद्र के निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने सन्ना में जमीन तय कर ली है। इस आवासिय तीरंदाजी केंद्र में खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का लक्ष्य दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सपने का मूर्त रूप देते हुए पहाड़ी कोरवाओं के धर्नुविद्या को निखार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल प्राप्त करना है।

### 35 करोड़ से बन रहा है आधुनिक अस्पताल

जिला मुख्यालय जशपुर में 35 करोड़ से सौ बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन स्व जगदेव राम उरांव स्मृति चिकित्सालय को संचालित करने की जिम्मेदारी वनवासी कल्याण आश्रम को दी गई है। 17 करोड़ से तैयार होने वाला इस अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य रायगढ़ रोड में कल्याण आश्रम अस्पताल के प्रांगण में तेजी से चल रहा है। अगले साल 2026 तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 करोड़ की राशि इस आधुनिक अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों और भौतिक संसाधन जुटाने के लिए किया जाएगा। इस अस्पाताल में मरीजों के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई, आईसीयू, आईसीसीयू, डायलिसिस,आपातकालिन चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अस्पताल के लिए चिकित्सा,नर्सिंग और प्रशासनिक स्टाफ के लिए भर्ती प्रक्रिया भी चल रही है।

# आबकारी व कोतबा पुलिस ने छापा मारा

**कोतबा।** अवैध महुआ शराब के बढ़ते कारोबार और नशाखोरी से त्रस्त कोतबा नगर की महिलाओं ने अब इसके खिलाफ आवाज उठाते हुए एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों से उठी शराबबंदी की यह गूंज अब नगर तक पहुँच चुकी है, जहाँ नारी शक्ति एकजुट होकर अपने घरों और समाज को बचाने के लिए लामबंद हो गई है।

■ 350 किलो महुवा लाहन जप्त 2 के खिलाफ 34(1) च आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

महिलाएं की सूचना पर अबकारी विभाग व कोतबा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 6 अलग अलग अवैध शराब बनाने वालों के घरों में दबिश दी जिसमे 2 के घरों से 350 किलो महुवा लाहन जप्त कर दोनों के खिलाफ 34(1)च अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही हुई है। विदित हो कि कोतबा नगर के आस-पास के गांव रोकबहार, बुलडेगा, फरसटोली और मधुबन में पिछले कुछ समय से महिलाएं अवैध महुआ शराब के खिलाफ लगातार सफल अभियान चला रही हैं। इसी प्रेरणा के साथ, अब कोतबा नगर के गंझूपारा की महिलाएं भी मैदान में उतर आई हैं। उन्होंने अवैध शराब के ⏭ शेष पेज 4 पर



### 350 किलो महुवा लाहन जप्त

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को पुलिस चौकी कोतबा एवं आबकारी बृत पत्थलगांव के टीम के साथ संयुक्त रूप से अवैध शराब बनाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई हेतु रेड कर 6 से अधिक ठिकानों में दबिश दी गई जिनमे कई स्थानों में सफलता नही मिली लेकिन नगर के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी विदेशी बंजारा पिता करम साय बंजारा उमर 40 वर्ष निवासी कोतबा के कब्जे में 200 किलो महुआ का लाहन एवं ललिता बंजारा पति परदेसी बंजारा उम्र 35 वर्ष निवासी कोतबा के कब्जे में 150 किलो महुआ का लाहन मिला जिसके विरुद्ध धारा 34 (1) च आबकारी एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में कोतबा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव, सहायक उप निरीक्षक अपलेजर खेश, हेड कांस्टेबल अजय खेस एवं आरक्षक बूटा सिंह अमित साय सुभाष साय एवं आबकारी उपनिक्षक पत्थलगांव यज्ञ शरण शुक्ला,आबकारी मुख्य आरक्षक कृनेश सिन्हा,छक्के लाल गुप्ता,आबकारी आरक्षक जुगल पटेल,नगर सैनिक मंजीत महेश्वरी अबकारी विभाग की टीम की अहम भूमिका रही है।

### की गई कार्रवाई

समय-समय पर अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की जाती हैं आज भी वार्ड क्रमांक 9 में दो लोगो के घरों से बड़ी मात्रा में महुवा लाहन जब्ती की कार्रवाई आबकारी विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया गया है।

-**बृजेश यादव**, चौकी प्रभारी कोतबा

# मौत की घाटी बनी रेचुवा घाटी, विभागीय उदासीनता लेगी फिर नागरिकों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

कोतबा लैलूंगा के बीच स्थित रेचुवा घाटी इन दिनों मौत की घाटी बन चुकी है। यहाँ के अंधे मोड़ टुटे पड़े सेफ्टी वाल और खराब सड़कों से आए दिन हादसे होते रहते है। आम जन के आवागमन का एकमात्र साधन सड़क मार्ग है। जिसे सुदृढ़ करने शासन पैसे तो दे रही है। लेकिन विभागीय उदासीनता का आलम ये है कि हाल में ही बनी सड़को में फिर से बड़े बड़े गड्ढ़े हो गए हैं, जिन्हें पेच वर्क करने की जरूरत पड़ रही है। वही नालियां भी टूट चुकी है। कांग्रेसी नेताओं ने विभाग व ठेकेदार पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय हो कि यह पहली बार अनियमितता उजागर नहीं हुई है। बल्कि लैलूंगा कोतबा, लवाकेरा तक बनी यह सड़क भी गुणवत्ता को लेकर खूब बवाल हुआ था। उस दौरान लगभग 40 करोड़ की लागत से बनाई गई थी। ग्रामीणों की मांग पर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिर इस सड़क निर्माण के लिये 50 लाख जारी किया हैं। जो निर्माणाधीन हैं और जगह-जगह गड्ढों के साथ ही बेतरीब नालियों के निर्माण ने क्षेत्रीय लोगों को दुविधा में डाल दिया है। यह सड़क निर्माण उस दौरान भी लोकनिर्माण विभाग के देखरेख में हुआ था।और वर्तमान में भी उन्हीं के देखरेख में कार्य चल रहा है। लेकिन बिडंबना है कि इस सड़क निर्माण के लिए विभाग ने सजगता नही दिखाई बल्कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। वर्षों से क्षेत्र की ⏭ शेष पेज 4 पर

50 लाख की निर्माणाधीन सड़क पर बने जगह-जगह जानलेवा गड्ढे



### उपयोग विहीन बन रही नालियां

कांग्रेस नेता पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण कुमार शर्मा ने लोकनिर्माण विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य ठेकेदार द्वारा रेचुवा घाट में बन रही नालियों को पेटी कॉन्ट्रेक्टरों को कमीशन लेकर काम बांट किया जा रहा है। नालियों को सर्पाकार बना कर बिना कोई लेबल के गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य कराया गया है।जो उपयोग शुरू होने से पहले ही टूट चुकी है। ऐसा निम्न स्तर का कार्य तो ग्राम पंचायत में भी नहीं करवाया जाता जैसा यहाँ टेक्निकल लोगों के द्वारा करवाया गया है। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय जी से निर्माण कार्य की जांच कर गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग करता हूं।

### अंधे मोड़ दे रहे हादसों को न्यौता

मौत की घाटी के नाम से बदनाम हो चुकी रेचुवा घाटी में अनेक अन्धे मोड़ है। जिससे सामने से आने वाले वाहनों का पता नही चलता है। साथ ही घाटी में नीचे गिरने से बचाने के लिए लगे लोहे के बैरिकेडिंग भी जगह जगह टूट गई है। जिससे कभी भी नीचे गिरने से बड़े हादसे हो रहे है देखरेख के आभाव में बैरिकेडिंग सुरक्षा व्यवस्था धवस्त हो चुकी हैं। जो हादसों को न्यौता दे रही हैं।

### उठाएंगे जनता की आवाज

रेचुवा घाट में वर्तमान में हुए सड़क निर्माण का जायजा लिया गया। जिसमें हमने देखा कि सड़क निर्माण गुणवत्ता विहीन करवाया गया है जिसका देखरेख करने की जवाबदेही लोकनिर्माण विभाग की है। वे विभाग को बदनाम कर रहे है। आम जनता के पैसों का बंदरबाट कर रहे हैं। जल्द सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने से हम जनता की आवाज उच्चस्तर पर उठाएंगे।

-**रत्ना पैकरा**, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ कराने का निर्देश दिया गया था। अभी मेजमेंट भी नहीं हुआ है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा। नहीं करने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-**एसके पैकरा**. एसडीओ लोकनिर्माण विभाग पत्थलगांव।

# नवपदस्थ बीईओ पैकरा का किया गया सम्मान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विकासखंड कुनकुरी में हाल ही में पदस्थ हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बी ई ओ) सुदर्शन पैंकरा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

■ शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता मोहम्मद रईसुल हसन खान, उपाध्यक्ष आदित्य नारायण गुप्ता, प्रांतीय प्रतिनिधि राजेश श्रीवास, विकासखंड अध्यक्ष कालेश्वर यादव एवं कोषाध्यक्ष तरुण गुप्ता उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने श्री पैंकरा को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और शब्द श्रृंगार के माध्यम से स्वागत किया। टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि बीईओ सुदर्शन पैंकरा के सकारात्मक सोच, व्यवहार एवं मार्गदर्शन से कुनकुरी विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था में निखार आएगा। साथ ही विद्यालयों एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान भी सहजता से संभव हो सकेगा।



बैठक के दौरान एसोसिएशन ने एलबी वर्ग के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं से बीईओ को अवगत कराया। पदाधिकारियों ने बताया कि अप्रैल 2012 से जुलाई 2018 के बीच सीपीएस अंतर्गत शिक्षकों के वेतन से काटी गई 10 प्रतिशत राशि में नियोक्ता अंशदान जोड़कर एनएसडीएल में जमा किया जाना था, किंतु 50 माह में से 32 माह की राशि अभी तक संयुक्त खाते में लंबित है। एसोसिएशन ने शासन से प्राप्त नियोक्ता अंशदान की राशि ब्याज सहित शिक्षकों के खातों में जमा कराने या लौटाने की मांग की।

इसके अलावा, एसोसिएशन ने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर होने वाली गलतफहमियों पर भी चर्चा की। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि यदि शिक्षक बैठक, प्रशिक्षण, मतदाता सूची, गणवेश, पाठ्यपुस्तक या अन्य सरकारी कार्य में व्यस्त हों, तो निरीक्षण से पहले उनका अभिमत लिया जाए। साथ ही मृत एलबी संवर्ग के शिक्षकों के परिजनों को स्वत्वों का शीघ्र भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, सेवा पुस्तिका, पासबुक संधारण, एजी सत्यापन, परीक्षा अनुमति सहित अन्य लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। एसोसिएशन ने परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक बुलाने और शिक्षकों द्वारा रखे गए मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही करने का आग्रह किया। बीईओ सुदर्शन पैंकरा ने टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि समन्वय और सकारात्मक संवाद के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की राह आसान बना रहा नव संकल्प शिक्षण संस्थान



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए नई राह और नई उम्मीद लेकर आया है। यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है, बल्कि कई युवाओं ने यहां से तैयारी कर सरकारी नौकरियों में सफलता भी हासिल की है। संस्थान में प्रशिक्षण के साथ आवास एवं भोजन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में यहां सीजीपीएससी, एसएससी जनरल ड्यूटी और व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इनमें 60 छात्र-छात्राएं सीजीपीएससी, 50 एसएससी जनरल ड्यूटी और 90 व्यापम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। संस्थान में प्रतियोगी छात्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन कर उन्हें लगातार आंका और सुधार किया जाता है।

# महिला की डंडे से गला दबाकर हत्या, संदेही हिरासत में

**अम्बिकापुर।** शहर से लगे ग्राम डिगमा में युवक ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दिनभर महिला की लाश घर में पड़ी रही। देर रात इस घटना की सूचना पुलिस को मिली जिसके बाद रविवार को पुलिस घटनास्थल पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस मामले में संदेही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम चलगली निवासी 30 वर्षीया शीला सोनहा का विवाह वर्ष 2015 में गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी उमाशंकर सोनहा से हुआ था। शीला और उमाशंकर के दो बच्चे है। दम्पति लम्बे समय से अपने परिवार से अलग रहते थे और अक्सर शराब के नशे में धुत रहते थे। महिला के दोनों बच्चों का लालन पालन उसकी दादी करती है। शराब के नशे में दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। संभावना जताई जा रही है कि 4 अक्टूबर को भी दोनों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ। इस दौरान आक्रोशित पति ने डंडे से पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना दोपहर 3-4 बजे के बीच की बताई जा रही है लेकिन पुलिस को घटना की सूचना देर रात 8 बजे मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन रात होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने किया सम्मान

# नेस्ट फेस्ट माई होम इंडिया ने किया प्रबल प्रताप सिंह का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर राज परिवार के सदस्य ,घर वापसी अभियान के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जू देव को दिल्ली, तालकटोरा स्टेडियम मे माई होम इंडियाद्वारा ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित 8 वीं नेस्ट फेस्ट 2025 के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन में प्रबल प्रताप को सम्मानित किया गया।

नेटफेस्ट ₹माई होम इंडिया₹ द्वारा आयोजित एक त्योहार है, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की संस्कृति, संगीत और परंपराओं का जश्न मनाता है। इसका उद्देश्य पूरे भारत के छात्रों, युवाओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक साथ लाकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस साल, 8वें उत्तर-पूर्व छात्र महोत्सव के तहत, नेटफेस्ट 2025 का आयोजन 3 और 4 अक्टूबर 2025 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में ₹संस्कृति से जलवायु तकः युवा जनादेश थीम के साथ हुआ।



**उत्तर पूर्व के आठ राज्य अष्टलक्ष्मी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नार्थ ईस्ट के 8 राज्यों को अष्ट लक्ष्मी कहा हैं। अष्ट लक्ष्मी उत्तर पूर्व वाक्यांश पूर्वोत्तर भारत के उन आठ राज्यों को संदर्भित करता है जिन्हें अष्ट लक्ष्मी या आठ समृद्धि के रूप कहा जाता है, जो हैं: असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम. यह शब्द देवी लक्ष्मी के आठ रूपों के बजाय, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के इन आठ राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विविधता का प्रतीक है.।

### राष्ट्र निर्माण में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को घर वापसी अभियान जैसे कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मिज़ोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह, मुख्यमंत्री दिल्ली श्रीमती रेखा गुप्ता के करकमलों द्वारा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील देवधर आदि देश के विभिन्न प्रदेशों के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रबल प्रताप सिंह जुदेव को सम्मानित किया गया। इस भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों से राजनीतिज्ञ, केंद्रीय मंत्रीगण, समाज सेवी, व्यवसाई, शिक्षाविद, मीडिया के जाने माने लोग एवं कई अन्य महानुभावों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### यह केवल मेरा सम्मान नहीं, उन जनजातीय बंधुओं का भी है

सम्मान प्राप्त करने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी ने कहायह सम्मान केवल मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं, समाजबंधुओं और जनजातीय भाइयों-बहनों का है जो घर वापसी के इस पावन अभियान में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। यह सम्मान वास्तव में जनजातीय समाज की अपनी जड़ों की ओर लौटने की आस्था और घर वापसी आंदोलन के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

## कलेक्टर व्यास ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनका समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ जनसमस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। जनदर्शन के दौरान आज कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका संबंधी और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना प्रारंभ विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**सूरजपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर से आज मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ किया। उक्त योजना में जिला सूरजपुर में संचालित होने वाली बस को आज पुराना बस स्टैंड अग्रसेन चौक से विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी द्वारा हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ग्रामीण बस को सूरजपुर से रवाना किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एस.जयवर्धन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, जिला परिवहन अधिकारी योगेश भंडारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से ग्रामीण अंचल के लोगों को बस सुविधा का विशेष लाभ मिलेगा एवं बस संचालकों को शासन द्वारा संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जिले से वर्तमान में तीन बसों का संचालन किया जाएगा जिनकी संख्या भविष्य में और बढ़ेगी।

### सड़क पर केज व्हील लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर होगी चालानी कार्रवाई

**रामानुजगंज।** उच्च स्तरीय निर्देशों के तहत अब सड़क पर केज व्हील लगे ट्रैक्टरों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि केज व्हील लगे ट्रैक्टरों से दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। रामानुजगंज परिवहन चेक पोस्ट प्रभारी ने बताया कि केज व्हील युक्त ट्रैक्टर केवल खेतों में कृषि कार्य हेतु उपयोग के लिए हैं, न कि सार्वजनिक सड़कों पर चलाने के लिए। ट्रैक्टर चालकों को जागरूक करते हुए उन्होंने समझाइश दी कि ऐसे वाहनों का सड़क पर संचालन न करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चेक पोस्ट पर चालकों व ट्रैक्टर मालिकों को समझाने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। सड़क पर चलते समय ऐसे वाहनों से सावधानी बरतें और नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### तेज रफ्तार कार स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही इस घटना में महिला के बच्चे को भी चोट आई है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मणिपुर पुलिस के अनुसार मूलतः सीतापुर के ग्राम उल्किया निवासी डॉ. अज्जू पाण्डेय आ. बुध नारायण पाण्डेय स्वामी आत्मानंद स्कूल देवगढ़ में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है और शहर के दर्रीपारा में रहता है। 22 सितम्बर को अज्जू पाण्डेय की पत्नी प्रियंका तिवारी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईजी 4353 से अपने 4 वर्षीय पुत्र कौश्तुभ व पिटा कृपा शंकर तिवारी को लेकर जार रही थी। इस दौरान रिंग रोड बस स्टैंड के पास हौंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 15 डीएच 2648 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में महिला और उसके पिता का पैर फ्रेक्चर हो गया जबकि बच्चे को भी चोट लगी। पति और ससुर का उपचार कराने के बाद व्याख्याता ने घटना की शिकायत मणिपुर पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तेज रफ्तार कार का कहर, चार बाइक को उड़ाती दुकान में घुसी

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित विवेकानंद कॉलोनी मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया। अनियंत्रित हुई टाटा अल्ट्रोज सीजी 16 सीआर 5247 पांच बाइकों को टक्कर मारते हुए सीधे एक दुकान के शटर में घुस गई। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क पर भीड़ नहीं थी, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार सुभाष चौक की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी। कार पहले डस्टबिन और खंभे से टकराई, फिर विक्रांत सिंह की बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे बढ़ी। रास्ते में बोर्ड तोड़ते हुए संजू सरदार, प्रमोद जयसवाल, काशीनाथ व एक अन्य व्यक्ति की बाइकों को भी नुकसान पहुंचाया। अंततः कार आशुतोष सिंह की दुकान के शटर में घुसकर रूक गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में तीन युवक सवार थे, जो नशे की हालत में और नाबालिग बताए जा रहे हैं। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि मौके पर भगदड़ मच गई।

### उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया किसान के प्रक्षेत्र भ्रमण

**अम्बिकापुर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ.रविंद्र तिग्गा के नेतृत्व में उन्नत कृषक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कृषक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को अपने प्रक्षेत्र में लगाए उद्यानिकी फल पौधों के बारे में तर्क पूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने वीएनआर अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, आम, नारियल एवं नींबू वर्गीय फलदार पौधों की लाभकारी खेती में आने वाले समस्याओं एवं उनके निराकरण की तकनीकी जानकारी दी ताकि इन फलदार पौधों से अधिक आमदनी प्राप्त कर इसे रोजगार से जोड़ा जा सके। महाविद्यालय के अधिष्ठाता श्री तिग्गा ने कृषक एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न फल वर्गीय पौधों के बारे में अवगत कराया तथा उद्यानिकी फसलों को लेकर उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रायोगिक कार्य के साथ शिक्षण पर जोर दिया।

## पार्षद सुशांत घोष समेत अन्य लोगों के किराए के मकान में हुई चोरी

# सुभाषनगर में एक साथ टूटे 15 मकानों के ताले



जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।



घर में बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- किराएदारों के सामान ले उड़े चोर

शहर में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं लें रही है। बीती रात एक बार फिर से चोरों ने एक साथ 14 से 15 मकानों के ताले तोड़े है। सुभाषनगर क्षेत्र में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया है और जिले की कानून वयवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। चोरों ने पूरी रात सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फिर गाड़ी में चोरी का सामान भरकर ले गए। चोरी की घटना के दौरान एक संदेही सीसीटीवी में कैद हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद सुशांत घोष के साथ ही अन्य लोगों द्वारा किराए के मकान बनाए गए है। इन मकानों में बाहर से आकर पढाई करने, मजदूर करने वाले लोग रहते है। वर्तमान में त्यौहार होने के कारण ज्यादातर किराएदार मकानों में ताला लगाकर अपने घर गए हुए थे। इस दौरान बीती रात चोरों ने सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने पार्षद सुशांत घोष के किराए के 3 मकानों के साथ ही सुभाष, सुजीत सहित अन्य लोगों के किराए के मकानों का ताला तोड़ा है। चोर सूने मकानों में मौजूद टीवी, लैपटॉप, गैस सिलेंडर, साउंड सिस्टम, नगदी समेत अन्य कीमती सामान की चोरी की है। चोरों ने क्षेत्र में एक साथ कुल 14 मकानों के ताले तोड़े है। रविवार की सुबह जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। चोरी की सूचना मिलने के बाद लोग मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। किराए के मकानों में मौजूद आलमारी, पेटी खुले हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पडा था।

इस घटना की सूचना पार्षद सुशांत घोष ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल पर लगे एक सीसीटीवी में चोर नजर आया है जिसकी पहचान की जा रही है। एक साथ हुई इस चोरी को लेकर संदेह है कि चोर लम्बे समय से इसकी योजना बना रहे थे और वे चोरी का सामान लेकर जाने ले लिए वाहन भी साथ लेकर आए थे।

### लोगों ने की रात्रिगस्त की मांग

सबसे बड़ी बात यह है कि यह घटना पुलिस थाना से महज एक किमी की दूरी पर हुई है जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग नहीं की जाती है जबकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहर से आए हुए लोग रहते है। यदि पुलिस नियमित रूप से गस्त करती तो ऐसी घटना नहीं होती। लोगो ने मांग की है कि क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त की जाए।

### चल रही है जांच

किराए के मकानों में चोरी की सूचना मिली है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और जांच चल रही है। एक संदेही की पहचान हुई है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

### सबमर्सिबल पंप चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

खेत से सबमर्सिबल पंप चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गाजरमुड़ा निवासी सतीश मिंज द्वारा अपने खेत में सबमर्सिबल पंप लगवाया गया था जिसे 1 अक्टूबर की रात कोई चोरी कर ले गया। ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारवा जांच उपरान्त संदेह के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ापारा झेराडीह निवासी 34 वर्षीय इंद्रसाय केरकेट्टा आ. राम खेलावन केरकेट्टा व 27 वर्षीय सेतराम नगेसिया आ. बरतु राम नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सबमर्सिबल पंप, वायर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुंड्रा आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, जितेंद्र भगत, आरक्षक इबनुल, रामसाय नागेश, शिव खलखो सक्रिय रहे।





### बिरनपुर की घटना को धार्मिक रूप देने का किया गया था प्रयासः टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा-सीबीआई की चार्जशीट से हुआ स्पष्ट, कांग्रेस के खिलाफ नहीं मिले कोई तथ्य

प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि बिरनपुर कांड को लेकर सीबीआई ने अपनी चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट से यह स्पष्ट हो गया है कि बिरनपुर की घटना बच्चों की आपसी लड़ाई की थी जो दो परिवारों तक पहुंची, बाद में इस मामले में दो समाज और धर्म को लाने का प्रयास किया गया। तत्कालीन विधायक रविन्द्र चौबे का नाम जोड़ने का प्रयास किया गया और चुनावी मुद्दा बनाया गया। चुनाव के दौरान समाज में ध्रुवीकरण करने की कोशिश की गई और इस पूरी घटना में कांग्रेस का लात बताकर चुनावी लाभ लिया गया। चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनैतिक षड्यंत्र नहीं था, यह एक मामूली झगड़ा था, जिसने खूनी रूप ले लिया। सीबीआई जांच के बिन्दु भाजपा सरकार ने तय किया था यदि जांच के बिन्दु में घटना के बाद के राजनैतिक षड्यंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती।

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मृतक युवक के पिता को भाजपा से टिकट दिया गया और वे जीतकर आए। विधानसभा में युवक के पिता ने मुद्दा उठाया जिसके बाद सीबीआई जांच की घोषणा की गई। चुनाव के दौरान यह माहौल बनाया गया था कि अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस ने उस समय ठोस कदम नहीं उठाए और न्याय नहीं हुआ जबकि कांग्रेस की सरकार ने घटना के मामले में तत्काल कार्रवाई की और गिरफ्तारी भी हुई। इस घटना के अतिरिक्त 6-7 अन्य अपराध दर्ज किए गए लेकिन प्रदेश सरकार ने सीबीआई को सिर्फ एक घटना के एफआईआर की रिपोर्ट जांच के लिए सौंपी जबकि शेष अन्य दर्ज अपराधों की जांच नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विधायक ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है, सीबीआई की चार्ज शीट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी। इस जांच में यह साफ हो गया है कि कांग्रेस पर जो प्रायोजित षड्यंत्र और तुष्टीकरण का आरोप लगाया गया था उसे लेकर सीबीआई को कोई तथ्य नहीं मिले है। उन्होंने मांग की है कि इस घटना से जुड़े 5-6 अन्य एफआईआर की भी जांच सीबीआई से कराई जाए इसके साथ ही सांप्रदायिक घटना के दिन हुई पिता-पुत्र के हत्या के मामले की जांच भी सीबीआई करें क्यों कि वे भी भारत के नागरिक है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, राकेश गुप्ता, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, अजय अग्रवाल, इन्द्रजीत सिंह धंजल, अशफाक अली, आशीष जायसवाल, सतीश बारी सहित अन्य मौजूद थे।

## चोरों ने दुकान के बरामदे से खड़ी बाइक पार की

**धौरपुर।** दुकान के बरामदे में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। बाइक मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धौरपुर निवासी स्टूडियों संचालक ऋषज्ञि नायक 3 अक्टूबर की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 2437 को दुकान के बरामदे में लॉक कर अपनी कार से गृह ग्राम झेरडीह गया था। शनिवार की सुबह जब अपने दुकान पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर



तलाश शुरू कर दिया है। क्षेत्र के लोगों को कहना है कि बाइक चोरी होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। एक माह के भीतर कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है लेकिन अब तक पुलिस के साथ कोई सुराग हाथ नहीं लग सके है। आए दिन क्षेत्र में चोरी होने से लोगों में काफी नाराजगी है।

### चोरों ने अलग-अलग स्थान से पार की दो बाइक

अम्बिकापुर। दुर्गा पंडाल में दर्शन करने तथा जगराता कार्यक्रम देखने गए दो लोगों की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार देवेन्द्र कुमार आ. मुसाफिर रवि (31 वर्ष) पिछले माह 30 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 16 सीके 4711 से सुभाष नगर दुर्गा पंडाल में दर्शन करने गया था। युवक बाइक को पंडाल के सामने खड़ा कर दर्शन करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। बाइक नहीं मिलने पर युवक ने गत दिन घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में रितेश कुमार जायसवाल आ. उमाशंकर जायसवाल 1 अक्टूबर की रात पत्नी सविता के साथ भगवानपुर दुर्गा पंडाल में जगराता कार्यक्रम देखने गया था। युवक बाइक को दुकान के शेड के नीचे खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया। रात करीब 11 बजे वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने घर के सामने से पार की बाइक

अम्बिकापुर। घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसर उदयपुर ढाब निवासी प्रकाश राजवाड़े (50 वर्ष) 2 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 2999 को खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### चाकी एवं लावा की टीम ने जीते अपने-अपने मैच

**रामानुजगंज।** सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूरज देव सिंह, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार यादव, राजकुमार टेकाम, विरेन्द्र सिंह मरकाम, ग्राम पंचायत धमनी के रोजगार सहायक एवं सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष अमावस सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव रामविचार सिंह, सह सचिव मंगल सिंह के उपस्थिति में सूर्य प्रकाश नेताम की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। पहला मैच पलगी वर्सेस चाकी मध्य खेला गया जिसमें चाकी ने 1 गोल से जीत हासिल की। दुसरा मुकाबला चुमरा वर्सेस लावा के मध्य खेला गया जिसमें प्लानटी से लावा की टीम 1 गोल से जीत हासिल किया।

### क्विज में कम्प्यूटर और कला की टीम विजेता



अम्बिकापुर। श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ एक्टिविटी क्लब के तत्वाधान में अंतरविभागीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विजेता कम्प्यूटर एंड आईटी विभाग और कला और समाज विज्ञान विभाग रहा। दूसरे स्थान पर लाइफ साईंस विभाग तथा तीसरे स्थान पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग रहा। क्लब प्रभारी सहायक प्राध्यापक नीतू सिंह ने बताया कि प्रत्येक विभाग के प्रतियोगियों की टीम में 10-10 प्रतियोगी शामिल थे। पांच चरण की प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, सम सामयिक, बहुविकल्पीय, ब्रेन टीजर, इमेज, वीडियो से संबंधित प्रश्न किये गये। रैपिड फायर चक्र में प्रतियोगियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान सहायक प्राध्यापक तुलिका सिन्हा, सगुफ्ता नाज, सुमन मिंज, स्वाति शर्मा उपस्थित थीं।

## आमगांव खदान में संडे ड्यूटी की मांग को लेकर कोल कर्मियों ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान में सभी कर्मचारियों को संडे ड्यूटी देने की मांग को लेकर खदान के कर्मचारियों ने रविवार को कार्य का बहिष्कार कर दिया,बताया गया कि आमगांव खदान में कोयला निकालने के लिए ओबी हटाने का कार्य धनबाद की आशीर्वाद कंपनी करती है, कोयला उत्पादन के अतिरिक्त खदान के अन्य कार्य प्रबंधन के कर्मचारी करते हैं,यहां करीब 145 की संख्या में शासकीय कर्मचारी पदस्थ हैं,कार्य का बहिष्कार करने वाले कोल कर्मियों की मांग है कि प्रबंधन सभी 145 कर्मियों को संडे ड्यूटी दें,गौरतलब है कि संडे ड्यूटी का लाभ अभी 85 कर्मचारियों को ही मिल रहा है,उनकी मांग है कि खदान जब चल रही है तो सभी कर्मियों को संडे ड्यूटी का लाभ मिलना चाहिए,ऐसे में सभी यूनियन के कर्मियों ने एकमत होकर 5 अक्टूबर को खदान में काम का बहिष्कार कर दिया और कर्मियों ने अपनी एक दिन की हाजरी नहीं लगाई।

बता दें कि संडे ड्यूटी में कर्मियों को सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुना वेतन मिलता है,साथ ही एक दिन रेस्ट भी मिलता है,इसी बात को लेकर विवाद चल रहा है,प्रबंधन का कहना है कि आमगांव खदान में अभी रोजाना महज 1 हजार से 12सौ टन ही कोयला उत्पादन हो रहा है,खदान में कोयला उत्पादन ओबी हटाने का काम निजी कोयला कंपनी के जिम्मे है जिसके पास खुद के माइनिंग सरदार व ओवर मैन है,प्रबंधन को केवल खदान का जलस्तर नियंत्रण का कार्य देखना होता है,इसके बाद भी 85 कर्मियों को संडे का लाभ दिया जा रहा है,बताया गया कि खदान में जब तीन से साढ़े तीन हजार टन कोयला उत्पादन होता है तब भी इतने ही कर्मियों को संडे का लाभ दिया जाता है,ऐसे में कर्मियों द्वारा प्रबंधन पर दबाव बनाकर संडे ड्यूटी की मांग की जा रही है।इस मामले में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि खदान मैनेजर को खदान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है,उन्हें रविवार के दिन कितने कर्मियों की आवश्यकता है,इसी के अनुसार सूची चस्पा किया जाता है,जब कार्य की जरूरत नहीं है तो वह कैसे नियम विरुद्ध तरीके से सभी कर्मियों को सन्डे ड्यूटी करने देंगे।

## जनजाति गौरव समाज ने मनाई महारानी दुर्गावती की जयंती

# महारानी दुर्गावती ने मुगलों को पराजित कर की गोड़वाना की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनजाति गौरव युवा समाज ने मुंडा भवन, दर्रीपारा में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत एवं मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत के आतिथ्य में महारानी दुर्गावती की जयंती मनाई।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने कहा कि महारानी दुर्गावती चंदेलों की बेटी एवं गोंडवाने की रानी तथा दुर्गावती भवानी थी। आजादी की लड़ाई में जनजातियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चाहे बिरसा मुंडा हो या गुंडाधुर और वीरनारायण सिंह इन महापुरूषों के बलिदान से देश स्वाधीन हुआ। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि हमारे देश की परंपरा नारियों के सम्मान की है। गढ़





मंडला की महान वीरांगना का जन्म दुर्गाष्टमी में होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया। उनमें साक्षात दुर्गा जैसे गुण विद्यमान थे तथा उन्होंने मुगलों से सतत संघर्ष कर गोंड साम्राज्य की रक्षा की। जनजातीय समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने कहा महारानी ने मुगलों के खिलाफ बहादुरी से युद्ध किया और अपने राज्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके इस बलिदान को आज भी याद किया जाता है। महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव की प्रतीक है। उनका देश प्रेम और संघर्ष हम सबको प्रेरणा से भर देता है। महारानी दुर्गावती जयंती समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को एक नए स्तर पर पहुंचाया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस समारोह को मुंडा समाज के अध्यक्ष देवरतन मुंडा, हीरा सिंह टेकाम, सुरेश मुंडा, रमेश मुंडा, युवा समाज के जिला उपाध्यक्ष सचिन भगत, सोनिया मुंडा ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन सचिव रामबिहारी सिंह पैकरा एवं आभार प्रदर्शन सोनिया मुंडा ने किया। इस दौरान पार्षद सालेम केरकेट्टा, डॉ.गौकरण प्रताप सिंह, सोनू मुंडा, संदीप भगत, अर्जुन मुंडा, रामप्रताप मुंडा, विकास भगत, ननकु मुंडा, बिंदु मुंडा, देव कुमार भगत सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा उपस्थित थे।

### ज्ञान यज्ञ परिवार की बैठक में ज्ञानोत्सव 2026 की तिथियां तय

**रामानुजगंज।** ज्ञान यज्ञ परिवार की मासिक बैठक 4 अक्टूबर को सायं 6 बजे आयोजित हुई। बैठक में इस वर्ष के ज्ञानोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि यह कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी तक पांच दिवसीय भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन प्रातःकाल पंडित सुधांशु द्वारा वैदिक यज्ञ से होगी। इसके पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर के सत्रों में चार प्रमुख कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें सामाजिक सशक्तिकरण पर विचार मंथन, श्रीमद् भागवत कथा का वाचन मथुरा के कथा वाचक विजय कौशल महाराज के शिष्य बलदेव कृष्ण शास्त्री द्वारा तथा स्वामी त्याग मूर्ति का आध्यात्मिक प्रवचन तथा बजरंग मुनि की ज्ञान कथा शामिल हैं। कार्यक्रम में देशभर से अनेक विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता और विचारक इस आयोजन में भाग लेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वराज नगर के स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक 8 नवंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए अपनी सहमति और सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।





# 58 की उम्र में पिता बने अरबाज

**मुंबई।** अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा ने रविवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, शूरा ने रविवार सुबह बेटी को जन्म दिया है। हालांकि, कपल की ओर से अब तक इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और न ही उन्होंने कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शूरा को कल मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरबाज की बेटी के जरिए खान परिवार ने लंबे वक्त बाद बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इससे पहले अरबाज को पहली पत्नी मलाइका से एक बेटा अरहान हुआ था। उनके एक भाई सोहेल के भी दो बेटे निर्वाण और योहान हैं। जबकि दूसरे भाई सलमान ने तो अब तक शादी ही नहीं की है। हालांकि, तीनों भाइयों की दो बहनें अलवीरा और अर्पिता जरूर हैं। अरबाज खान दूसरी बार पिता बने हैं।

लाइफ Style

# सामंथा
## सब कुछ नहीं हैं अच्छे नंबर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ आसान सलाह दी। उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया कि कैसे उन्होंने स्कूल के दिनों में सहानुभूति, दया और अच्छा इंसान बनना सीखा। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।

इस वीडियो में उन्होंने अपनी स्टूडेंट लाइफ को लेकर आज के छात्रों को खास सलाह दी और बताया कि उन्होंने आखिर एक छात्र के रूप में क्या कुछ सीखा और यह सबकुछ उनके लिए क्या मायने रखता है। रविवार को सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सामंथा ने कहा, 'मेरे स्कूल के दिनों की बहुत सारी यादें हैं, लेकिन आजकल के छात्रों का तनाव सुनकर दुख होता है।

मुझे लगता है कि अच्छे नंबर सब कुछ नहीं हैं। स्कूल में सबसे अच्छी चीज दोस्ती, दूसरों का सम्मान और दया सीखा था।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने स्कूल में किताबी बातें भूल गईं, लेकिन ये गुण आज भी मेरे काम आते हैं। ये जीवन के लिए सबसे जरूरी हैं।' फिर सामंथा ने 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट शेयर की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्याओं के सबसे ज्यादा मामले हुए। उन्होंने इस पर दिल टूटने वाली इमोजी लगाई। सामंथा रुथ प्रभु नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के सीजन 2 में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर का रिकॉर्ड दूसरे स्थान पर

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप स्टार में से एक टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शो गर्ल'के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में बवाल काट चुकी हैं। एल्बम रिलीज के पहले ही दिन इसने 27 लाख कॉपियों की रिकॉर्ड बिक्री की है। ये आंकड़ा सिर्फ अमेरिका के अंदर का है और इससे टेलर का अब तक का सबसे बड़ा डेब्यू बन गया है। बिलबोर्ड को डेटा देने वाले ल्यूमिनेट के मुताबिक इस एल्बम ने अब तक का दूसरा सबसे बड़ा फर्स्ट-वीक सेल्स रिकॉर्ड बना दिया है।



# ओटीटी पर दस्तक देगी फाइनल डेस्टिनेशन-6

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की कल्ट हॉरर फ्रेंचाइजी फाइनल डेस्टिनेशन की छठी किस्त फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस अपनी धमाकेदार थिएटर रिलीज के बाद ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार है। फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स 16 अक्टूबर से अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में केवल जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। कलाकारों में रिचर्ड हार्मन, कैटलिन सांता जुआना, टियो ब्रियोन्स, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, रिया किहलस्टेड, अन्ना लोर और ब्रेक बैसिंगर शामिल हैं। फैंस को पुरानी यादों में खो देने के लिए, दिवंगत अभिनेता टोनी टॉड दिखाई देंगे जो उनकी आखिरी फिल्म थ। उन्होंने पिछली फिल्मों में विलियम ब्लडवर्थ को अपनी आवाज दी थी। इस बीच, रिपोर्ट्स की मानें तो सातवीं किस्त पहले से ही प्रोसेस में है और को-राइटर लोरी इवांस टेलर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।



# नीरू ने की नई फिल्म की घोषणा...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'जवाक' की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है ' जवाक'। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, 'और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता'। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026।' जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं।



# 31 को रिलीज होगी रोई-रोई बिनाले

**मुंबई।** हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया है। उनके निधन की जांच चल रही है। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में असमिया फिल्म निर्माता राजेश भुयान ने बताया है कि अपकमिंग फिल्म 'रोई रोई बिनाले', जो दिवंगत जुबीन गर्ग की निजी परियोजना थी, 31 अक्टूबर को देशभर में रिलीज होगी। भुयान ने यह भी बताया कि अपकमिंग फिल्म में गर्ग की 'मूल आवाज' की रिकॉर्डिंग होगी। उन्होंने कहा 'हम पिछले तीन वर्षों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी और संगीत जुबीन गर्ग ने लिखा था। यह पहली संगीतमय असमिया फिल्म है। हमने फिल्म का लगभग सारा काम पूरा कर लिया था। सिर्फ इसके बैकग्राउंड म्यूजिक का काम बचा था।'

## टीवी मसाला



# अनीता बनी शो छोरियां चली गांव पहले सीजन की विनर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'छोरियां चली गांव' का कॉन्सेप्ट दर्शकों को काफी पसंद आया। इस शो में टीवी की जानी मानी हसीनाएं नजर आईं, जिन्हें गांव में रहना था। वहीं, अब 'छोरियां चली गांव' के पहले सीजन को इसका विनर मिल गया है। बीते दिनों 'छोरियां चली गांव' का ग्रैंड फिनाले था। इस सीजन के विनर का ताज टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी के सिर चढ़ा है। ग्रैंड फिनाले में अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर थी। ऐसे में अनीता के विनर बनते ही गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने शुरुआत से ही अपने गेम से न सिर्फ गांव वालों का बल्कि दर्शकों का भी दिल जीता। अनीता ने शो में खुद को प्रूव करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने गाय का दूध निकालने से लेकर गोबर उठाने और कुंए से पानी लाने तक सभी काम किए। इन्हीं सब चीजों के साथ अनीता ने हर किसी का दिल जीता। शो में आखिर तक अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन ट्रॉफी अनीता ले गईं। वहीं, कृष्णा श्रॉफ फर्स्ट रनरअप रहीं। शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया था। बता दें कि ग्रैंड फिनाले काफी धमाकेदार रहा। फिनाले में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स ने पावर पैक्ड परफॉरमेंस दी। इस दौरान डॉली जावेद की बहन उर्फी जावेद और कृष्णा श्रॉफ के बॉयफ्रेंड अजीम भी शो में नजर आएं।

### अरबाज और बाली एक-दूसरे से भिड़े!

**नई दिल्ली।** इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हो रहा शो 'राइज एंड फॉल' लोगों को खूब पसंद आ रहा है। शो में हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें



अरबाज पटेल और बाली एक दूसरे से जबरदस्त बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि अरबाज बाली से कहते हैं 'चुपचाप सुन लो'। इस पर बाली कहते हैं 'सुन ही रहा हूं।' अरबाज कहते हैं 'अगर मैं अपनी हरकतों में आ जाउंगा न तो'। इस पर बाली कहते हैं 'तूने नीचे आ के माफी क्यों मांगी। अकेला बैठता था वहां पे।' इस पर अरबाज कहते हैं 'अकेला नहीं बैठा चौड़ में घूमता था वहां पर। अभी भी यहां पर बैठा हूं। अब देखो खड़ा भी हो गया।' इस पर बाली कहते हैं 'तेरी बॉडी फुस है।' इस पर अरबाज कहते हैं 'मैं किसी से डरता नहीं हूं।' बाली कहते हैं 'तू खुद से डरता है। तू रोता रहता है। तू तालियां किस पर मार रहा है?' इस पर अरबाज कहते हैं 'तेरे पे मार रहा हूं।'

# महेंद्र कपूर का ये गीत सुन झट से मान जाएगी रूठी हुई प्रेमिका

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी और किशोर कुमार की तरह महेंद्र कपूर भी हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों की फेहरिस्त में शामिल रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर गीतों के जरिए सिनेप्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाया। आज हम आपको महेंद्र कपूर द्वारा गाए गए 58 साल पुराने एक ऐसे गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोमांटिक सॉन्ग की तर्ज पर हर किसी का फेवरेट माना जाता है। गाने के बोल ऐसे हैं, अगर आपकी रूठी हुई प्रेमिका सुन ले तो झट से मान जाए। इस गीत को अभिनेता सुनील दत्त पर फिल्माया गया था।

***सुपरहिट सॉन्ग*** : सिंगर महेंद्र कपूर की मधुर आवाज किसी भी गीत को अमर कराने के लिए काफी थी। आज भी उनके गानों को फैंस सुनना पसंद करते हैं। सुरों के सुरताज महेंद्र के जिस गाने के बारे में यहां जिक्र किया जा रहा है, वह 1967 में आई फिल्म हमराज से था। इस मूवी में सुनील दत्त, विमी, मुमताज और राज कुमार जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को




अदा किया था।

***वादियों में हुआ था शूट*** : हमराज का एक रोमांटिक सॉन्ग तुम अगर साथ देने का वादा करो... आज भी हर किसी का फेवरेट माना जाता है। सुनील दत्त और अभिनेत्री विमी पर फिल्माया गया ये पॉपुलर गीत महेंद्र कपूर ने ही गाया था। उनके द्वारा गाए गए बेहतरीन सॉन्ग की लिस्ट में इस गाने का नाम जरूर शामिल होता है। वादियों में शूट हुआ ये गीत और उस पर महेंद्र की जादुई आवाज का कॉम्बिनेशन बेहद खास रहा। यही कारण है जो लगभग 6 दशक बाद भी तुम अगर साथ देने का वादा करो गाने को सुनकर दिल को सुकून पहुंच जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर आप भी पुराने गाने सुनने के शौकीन हैं तो ये महेंद्र कपूर का ये सॉन्ग आपको जरूर सुनना चाहिए।

***इन कलाकारों को महेंद्र ने दी आवाज*** : सिर्फ सुनील दत्त ही नहीं बल्कि बतौर प्लेबैक सिंगर महेंद्र कपूर दिलीप कुमार और मनोज कुमार जैसे कई कलाकारों की आवाज बने थे। खासतौर पर मनोज की कई फिल्मों में बतौर सिंगर महेंद्र ने कई बेहतरीन गाने गाए थे। उदाहरण के लिए आप मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम फिल्म के भारत का रहने वाला हूं... देशभक्ति गीत का नाम ले सकते हैं।

# सारा ने पहली बार किया भाई इब्राहिम के साथ रैंप वॉक...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की आपस में खूब बनती है। दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा पल बिताते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। हाल ही में दोनों ने डिजाइनर अभिनव मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। डिजाइनर ने बेहतरीन ड्रेस लॉन्च की। सारा और इब्राहिम ने अपनी चंचलता के साथ दोस्ती का तड़का लगाया और रैंप वॉक के मौके पर लोगों का ध्यान खींचा। शो के लिए इब्राहिम अली खान ने कतान सिल्क से बनी एक शाही शेरवानी चुनी, जिस पर शीशे का काम, रेशम और जरी की बारीक कढ़ाई थी। 'सरजमीं' स्टार की इस पोशाक में एक राजसी आभा झलक रही थी। दूसरी ओर, सारा अली खान ने शाही ड्रेस चुनी। इस पर खास शीशे का काम, जरी और रेशम से हाथ से कढ़ाई की गई थी। झिलमिलाते क्रिस्टल से इस ड्रेस को और भी निखारा गया था। इब्राहिम और सारा पहली बार साथ-साथ चले, जिससे उनकी स्वाभाविक केमिस्ट्री की झलक मिली और उन्होंने शो के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया।



## खूनी लव स्टोरी के साथ कॉमेडी का होगा तड़का
# दिवाली पर थामा से होगी एक दीवाने की टक्कर

***मुंबई।*** *दिवाली में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मी धमाके होंगे। क्योंकि एक से बढ़कर एक फिल्में दिवाली के आगे-पीछे रिलीज होनी हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर थामा का है। यह मैडॉक के सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। दिवाली पर सबसे बड़ी रिलीज थामा ही है। थामा 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मैडॉक के लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की ये पांचवीं फिल्म है। अब तक पसंद की गई इस यूनिवर्स की फिल्मों में अब थामा एक नया अध्याय जोड़ने वाली है। थामा में वैम्पायर्स की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसीलिए मेकर्स इसे एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। थामा में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, जो इससे पहले इस यूनिवर्स की फिल्म मुंज्या का निर्देशन कर चुके हैं।*



### एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी होगी रिलीज

एक ओर जहां ये दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, वहीं दूसरी ओर 3डी एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भगवान राम से जुड़ी फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज करने से बेहतर मौका और क्या हो सकता है। महावतार नरसिम्हा की सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में कुणाल कपूर ने प्रभु श्रीराम के किरदार को आवाज दी है। जबकि जिम्मी शेरगिल लक्ष्मण, मौनी रॉय माता सीता, मुकेश ऋषि हनुमानजी और गुलशन ग्रोवर ने रावण की आवाज दी है।

### जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हर्षवर्धन राणे

एक ओर जहां थामा एक खूनी लव स्टोरी लेकर आएगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का होगा। वहीं, दूसरी ओर सनम तेरी कसमसे सच्चे आशिकों में शुमार हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा स्टारर 'एक दीवाने की दीवानियत' भी थामा के साथ ही 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल सैयारा एक सरप्राइज ब्लॉकबस्टर प्रेम कहानी रही है। ऐसे में अब 'एक दीवाने की दीवानियत'को हल्के में लेना बेईमानी होगी। हर्षवर्धन राणे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं। फिल्म के गानों और टीजर से ये साफ है कि इस बार की कहानी 'सनम तेरी कसम' से ज्यादा इंटेंस होने वाली है। क्योंकि ये एक जुनूनी लव स्टोरी है। टाइटल ट्रैक से लेकर फिल्म के बाकी गानों को भी पसंद किया जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि थामा का ट्रेलर सामने आ चुका है, लेकिन, अब तक 'एक दीवाने की दीवानियत'का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। अब देखना ये है कि थामा और एक दीवाने की दीवानियत में कौन बाजी मारता है।

## खबर संक्षेप



### रामेन्द्र ने मिस्टर इंडिया कैंसर वारियर का ताज किया हासिल

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयत्र के पूर्व अधिकारी रामेन्द्र कुमार ने मिस्टर इण्डिया कैंसर वारियर का ताज हासिल किया। होटल ताज विवांता में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया कैंसर वारियर का ताज पहनाया गया। यह कार्यक्रम साहस और दृढ़ता का उत्सव थाए जिसका मूल्यांकन प्रसिद्ध ऑन्को लॉजिस्ट्स, ट्रांसफ़ॉर्मेटिव कोच, उद्यमियों और मोटिवेशनल स्पीकर्स की एक विशिष्ट जूरी द्वारा किया गया, रेमेंद्र कुमार की जिंदादिली से जीने की कला ने उन्हें यह गौरवपूर्ण सम्मान से अलंकृत किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में श्री कुमार ने इस मान्यता के लिए आभार व्यक्त किया और इसे जीवन की कठिनतम परिस्थितियों में शक्ति और उम्मीद का प्रतीक बताया। यह ख़िताब न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी को उजागर करता है, बल्कि पूरे देश में कैंसर से जूझ रहे अन्य लोगों को प्रेरित करने का भी संदेश देता है।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**बिलाईगढ़।** बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल बिलाईगढ़ के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर देवांगन भवन, समलाई माता मंदिर के पास सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में क्षेत्र के युवाओंए समाजसेवियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवसेवा का कार्य है और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। इस कार्यक्रम में संकट मोचन ब्लड सेंटर, केटार रोड, जांजगीर.चांपा छग का विशेष सहयोग रहेगा।

### तालाब में डूबने से 5 लोगों की हुई मौत

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ ज़िला हिमगीर थाना क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के झुपुरुंगा चिटकेनढिपा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। छोटे भाई को तालाब में नहाते समय डूबते देख बड़े भाई ने बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों ही पानी में डूब गए। मृत भाइयों की पहचान झुपुरुंगा चिटकेनढिपा गांव के चित्त माकर 40 और देबाशीष माकर 20 के रूप में हुई है। इसी तरह कोरापुट ज़िले के बैपरिगुड़ा ब्लॉक के बोदापुट पंचायत के पांड्रिगुड़ा गांव के अशोक डिशारी 12 वर्ष, मलकानगिरी ज़िले के कालिमेला थाना क्षेत्र के एमवी 74 गांव के बाबुल डांगी के डेढ़ वर्षीय, पुत्र आयुष और नवरंगपुर ज़िले के झरीगांव ब्लॉक के कानाकोट पंचायत के डूमरपदर गांव के मंगनाथ गोंड 38 वर्ष की भी डूबने से मौत हो गई। पांड्रिगुड़ा गांव के अशोक डिशारी शनिवार सुबह गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गए थे, जहां वे डूब गए। मलकानगिरी ज़िले के एमवी 74 गांव में बाबुल डांगी का डेढ़ वर्षीय बेटा आयुष खेलते-खेलते घर के पास के तालाब तक पहुंच गया और उसमें गिर गया। परिवार के लोग जब खोजबीन करने लगे, तो बच्चे को तालाब में डूबा पाया। वहीं नवरंगपुर ज़िले के डूमरपदर गांव के मंगनाथ गोंड शनिवार दोपहर करीब 3 बजे नहाने के लिए घर से आधा किलोमीटर दूर तालाब पर गए थे, जहाँ वे डूब गए।

### राकेश की गायिकी से हुए मंत्रमुग्ध हुए लोग

**पुसौर।** पुसौर के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्थापित सार्वजनिक पूजन महोत्सव में इस वर्ष क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश मंत्रालय के सांस्कृतिक विभाग द्वारा एक विख्यात गायक राकेश शर्मा को प्रस्तुति देने के लिये नियुक्त करवाया था, जिसके फलस्वरूप राकेश शर्मा का भजन प्रस्तुति हुआ। वहीं लगातार डांडिया का भी प्रदर्शन होता रहा ।

## जगह-जगह दरारें और गड्ढे बन रहे हादसों की वजह, ठेकेदार पर एक्शन के बजाय मूकदर्शक बने जिम्मेदार

# एनएच-49 के निर्माण में फूंक दिए 356 करोड़ तीन साल में ही घटिया निर्माण की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नेशनल हाइवे-49 के निर्माण में पीडब्ल्यूडी एनएच ने केन्द्र शासन के 356 करोड़ रुपए फूंक दिए, लेकिन इसका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा। तीन साल में ही इस सड़क के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। एनएच में जगह-जगह दरारें और गड्ढों से वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं और यही हादसों की वजह बन रहे हैं। स्तरहीन निर्माण करने वाले ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने, जुर्माना लगाने के बजाय एनएच के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

दरअसल बिलासपुर से खड़गपुर बंगाल तक बेहतर संपर्क और तेज यातायात के लिए एनएच 49 का निर्माण कराया गया है, जिसका कुछ हिस्सा रायगढ़ में भी आता है। जिले में खरसिया के पलगढ़ा से ओडिशा बॉर्डर बड़माल तक 356 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया है। इसका निर्माण वर्ष 2016 में शुरू हुआ था जोकि 21 मई 2022 में खत्म हुआ है। इसकी कुल लंबाई 60.52 किमी है और सड़क निर्माण हैदराबाद की ठेका कंपनी मेसर्स रामकी ने किया है। खास बात यह है कि एनएच 49 की यह सड़क तीन साल में ही जर्जर हो गई है। रायगढ़ में आने वाली एनएच 49 की दुर्गति होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। खरसिया से बड़माल तक एनएच में अनिगनत गड्ढे हो गए हैं और बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। इन दरारों में दुपहिया-चारपहिया वाहनों के पहिए फंस रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। एनएच 49 में इन तीन सालों में सड़क हादसों में दो दर्जन से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हादसों की वजह तेज रफ्तार वाहनों का इन दरारों और गड्ढों की चपेट में आकर अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। इसके बाद भी इसकी मरम्मत हो लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

> एनएच 49 में जगह-जगह दरारें आ गई हैं और गड्ढे भी हो गए हैं। इसकी जानकारी हमें है, लेकिन अक्टूबर तक बारिश का सीजन होने से काम रूका हुआ है। 15 अक्टूबर के बाद सड़क की मरम्मत के लिए टेंडर निकाला जाएगा, उसके बाद काम शुरू होगा।
>
> रितेश कश्यप,
> इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी, एनएच

### जान जोखिम में डाल कर चलते हैं राहगीर

एनएच 49 में गुजरने वाले राहगीर जान जोखित में डाल कर चलते हैं। क्योंकि इस मार्ग में भारी वाहनों का रेलमपेल रहता है, उपर से सड़कों पर दरारें और गड्ढों से संतुलन बिगड़ने का डर भी बना रहता है। वाहन चालकों की थोड़ी सी चूक से भारी वाहनों के तले उनकी जान भी जा सकती है, ऐसा कई बार हुआ भी है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी को देख ऐसा लगता है कि उन्हें लोगों के जान की फिक्र ही नहीं है।

### रखरखाव के अभाव में सड़क की उम्र हो रही कम

नेशनल हाईवे की सड़कें आमतौर पर कितने साल तक चलती हैं, यह सड़क निर्माण के तरीके, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और ट्रैफिक के प्रकार पर निर्भर करता है। उचित रख-रखाव होने से एनएच के सड़कें 30 साल या उससे अधिक समय तक चल सकती हैं। उचित निर्माण और समय पर मरम्मत से सड़कों का जीवनकाल बढ़ जाता है, लेकिन यहां न तो मरम्मत हो रहा है और न ही रखरखाव किया जा रहा है। स्तरहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार को भी विभागीय अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है, तभी उस पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### डिवाइडर की रेलिंग को पार कर रहे हैं कबाड़ चोर

समस्या सिर्फ गड्ढों तक ही सीमित नहीं है। सड़क के बीच डिवाइडर में व किनारे लगी रेलिंग को भी कबाड़ चोर तेजी से चोरी कर रहे हैं। इस पर भी किसी का ध्यान नहीं है। एनएच के अधिकारी कहते हैं कि 4 साल तक रेलिंग की निगरानी का जिम्मा ठेका कंपनी का है, लेकिन पूरा रेलिंग गायब होने के कगार पर है और अब तक ठेका कंपनी या एनएच द्वारा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया और सरकारी संपत्ति की चोरी कर कबाड़ चोर मौज मना रहे हैं।

### दो दर्जन गायों से भरा कंटेनर पुलिस ने पकड़ा

**बीरमित्रपुर।** शनिवार की रात पुलिस गश्ती के दौरान खटकुल बहाल से रांची जा रहे दो दर्जन गौवंश से भरे एक कंटेनर वाहन को रोककर बीरमित्रपुर पुलिस ने जांच की। तलाशी में पाया गया कि कंटेनर में करीब दो दर्जन गायें थीं। पुलिस ने गायों को तुरंत अपने कब्जे में ले लिया। गौ रक्षकों की मदद से पुलिस टीम गायों को रखने के लिए पहले वेदव्यास गौशाला गई, लेकिन वहां स्थान नहीं मिलने पर आरएमसी नियंत्रित सेक्टर 14 गौशाला और कांजी हॉउस का रुख किया गया। दोनों स्थानों पर गायों को रखने से इंकार कर दिया गया, जिससे गौ रक्षकों और बजरंग दल में भारी नाराजगी देखने को मिली। अंततः पुलिस ने सभी गायों को बीरमित्रपुर थाना वापस लाया और आवश्यक शर्तों के तहत उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गौ प्रेमियों को क्षमता अनुसार वितरण करने का निर्णय लिया। यह कार्रवाई गौवंश की सुरक्षा और अवैध परिवहन रोकने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने गौ तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर गाडी को जब्त करने के साथ इसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## आपसी विवाद में पत्नी ने दांत से काट दिया पति का प्राइवेट पार्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी विवाद में पत्नी ने दांतों से पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। जिससे उसके प्राइवेट पार्ट पर 8 टांके लगे हैं। दरअसल पत्नी के हमले से घायल 33 वर्षीय शख्स बनेकेला का रहने वाला है और वह पेशे से राजमिस्त्री है। वह अपनी पत्नी और 3 बच्चों के साथ रहता है। दोपहर करीब 1 बजे भाभी और ननंद के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हो रही थी। ननंद और भाभी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि दोनों की आपस में मारपीट हो गई। इसे देखकर पति ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन गुस्साई पत्नी अपने पति से झगड़ने लगी। इस दौरान पत्नी ही गाली-गलौज करते हुए पति से मारपीट करने लगी। पति पहले से शराब की नशे में धुत था। इससे पत्नी और भड़क गई वहीं गुस्से में पति के प्राइवेट पार्ट पर हमला करते हुए दांतों से काट ली। दर्द से कराहते हुए पति घर से बाहर निकला। इस दौरान मौके पर मौजूद परिजन आनन-फानन में युवक को लैलूंगा अस्पताल लेकर गए। प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट की वजह से 8 टांके लगे हैं।

### पुलिस हिरासत में पत्नी, पूछताछ जारी

पत्नी की मारपीट और प्राइवेट पार्ट पर हमले से घायल पति ने लैलूंगा थाने में रविवार को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### क्षेत्र में निर्विघ्न रूप से मां भगवती की उपासना संपन्न

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के 120 ग्रामों में से लगभग हर तीसरे ग्राम में मां भगवती की मुर्ति स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बोरोडिपा में मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से उल्लासमय वातावरण में इसे संपन्न किया गया है। पुसौर के कटलिया कुशण महाणा के यहां पुसौर में दुर्गा स्थापना से पहले ही मां भगवती की पूजा-अर्चना, चंडी पाठ आदि होता था जिसे इन दिनों उनके पुत्र पूर्व पार्षद मुकेश महाणा द्वारा इसे मुर्तरूप दिया जा रहा है। पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर भी प्रत्येक नवरात्रि में उपवास रहते हैं। उनका मानना है कि नवरात्रि पारायण के बीच हमारे शरीर में काफी कुछ परिवर्तन होता है इसमें खानपान तो रहता ही है वहीं मनःस्थिति में एक आमुलचुल परिवर्तन होता है जो मानव को मानव से जोडने में सहायता प्रदान करता है।

## जूटमिल पुलिस ने शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों कोटवारों व मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जूटमिल थाना में रविवार को ग्राम कोटवारों की बैठक एवं स्थानीय नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नवरात्र और दशहरा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों के योगदान की सराहना करते हुए थाना प्रभारी ने उनके उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सम्मानित किया और गांवों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित कोटवारों से कहा कि वे गांव में होने वाली किसी भी अनैतिक या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दें तथा अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में थाना क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिस सहयोगियों, ग्राम कोटवारों और झांखरों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती किरण पटेल आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़ातराई, स्टाफ नर्स श्रीमती गंगा चौधरी आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़ातराई, व्याख्याता जयशंकर पटेल शाउमावि तरकेला, सहायक शिक्षक नानदाऊ सिदार शाप्राशा सांगीतराई, छात्रा पायल निषाद कक्षा 10 वीं, शाउमावि तरकेला, विनिता निषाद कक्षा 10 वीं, शाउमावि तरकेला, पुलिस सहयोगी बोधराम साहू सरायभद्दर, पुलिस सहयोगी गिरधर साव ग्राम कोड़ातराई, ग्राम कोटवार शौकीलाल भुईंहर ग्राम गुड़गहन, ग्राम झांखर अर्जुन लाल सिदार कोड़ातराई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच सहयोग एवं संवाद की परंपरा को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

## गावों में बिक रही अवैध महुआ शराब, नशे में धुत शराबी अपनों के ही बन रहे दुश्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के छिछोर उमरिया गांव के ग्रामीणों ने गांव में बिक रही अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है।

दरअसल पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिछोर उमरिया गांव के ग्रामीणों ने पुसौर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि गांव में एक लंबे अर्से से अवैध शराब की बिक्री के अलावा कच्ची शराब बनाकर लोगों को बेचा जा रहा है। गांव में बार-बार मुनादी कराने के बावजूद इस कारोबार पर लगाम नही लग पा रहा है। अवैध शराब के कारोबार के चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है। नशे में शराबी अपनों के ही जान के दुश्मन बन रहे हैं और आए दिन मारपीट की घटनाएं आम हो गई हैं। इतना ही नहीं कच्ची शराब के सेवन के चलते कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के चलते अपराधिक घटनाओं के अलावा छोटे बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। गांव के लगातार बिगड़ते माहौल को देखते हुए छिछोर उमरिया गांव के लोगों ने पुसौर थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि तत्काल इस पर अंकुश लगाया जाए।

### सरपंच ने जुर्माने का किया ऐलान

छिछोर उमरिया गांव में लगातार अवैध शराब के कारोबार को देखते हुए गांव की सरपंच श्रीमती रामेश्वरी साव ने बेहतरीन पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत गांव में मुनादी कराते हुए कहा गया है कि गांव में कोई भी शराब बेचता पाया जाता है तो उसे 21 हजार का जुर्माना देना होगा।

### शराब बनाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने रविवार की सुबह गोपालपुर और कोरियादादर इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में कुछ लोग लुक-छिपकर महुआ शराब बना रहे हैं और बिक्री कर रहे हैं। इस पर चक्रधरनगर पुलिस टीम ने अलग-अलग पांच स्थानों से तीन महिला और दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी कन्हैया यादव 43 वर्ष से 10 लीटर, संतोष रात्रे 42 वर्ष से 10 लीटर, सुकमत जाटवर 60 वर्ष से 14 लीटर, नोनीबाई उरांव 55 वर्ष से 14 लीटर, व गणेशी उरांव 40 वर्ष से 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।



## माता बनभौरी देवी की पताका शोभायात्रा

**राउरकेला।** माता बनभौरी देवी की द्वितीय वार्षिक पताका शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला भक्तों के साथ-साथ युवाओं ने भी इस धार्मिक यात्रा में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। धार्मिक संगठन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में माता बनभौरी देवी की पताका पूजा के बाद राउरकेला के बिरसा दाहर रोड स्थित श्याम मंदिर परिसर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

एक सजे हुए वाहन पर माता का फोटो और दरबार को फूलों से सजाया गया थाए जबकि भक्तगण भक्ति गीतों के साथ यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा सुबह 8 बजे श्याम मंदिर से आरंभ होकर कचहरी रोडए पावर हाउस चौक और रिंग रोड होते हुए तरकेरा स्थित बाबा धवलेश्वर मंदिर पहुंची। सैकड़ों पुरुष, महिलाएं युवक और युवतियां माता की स्तुति गीत गाते और नृत्य करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। माता बनभौरी देवी की अनंत ज्वाला को बनभौरी मंदिर से लाया गया, जिसे तरकेरा मंदिर में स्थापित कर पूजा.अर्चना की गई। इस अवसर पर मां बनभौरी देवी परिवार के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आबकारी व कोतबा ...

उत्पादन और बिक्री को रोकने के लिए एकजुटता दिखाते हुए कमर कस ली है। कोतबा नगर में युवापीढ़ी व पुरुषों में मद्यपान नशाखोरी की लत पड़ चुकी है। अपने घरों को उजड़ता देख महिलाएं अवैध महुवा शराब भट्टियां नगर के कई मोहल्लों में घर घर बना कर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जिसका व्यापक बुरा असर युवा पीढ़यीं बच्चों व पुरुषों पर पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि अवैध शराब की वजह से नगर के पुरुष अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं। जिससे महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विरोध करने पर घरों में गाली-गलौच और मारपीट की धमकी दी जाती है। लगातार घरेलु हिसा का शिकार हो कर त्रस्त हो चुकी महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की जाए और अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्यवाही कर उनके घरों में शांति बहाल की जाए।

घरों को उजाड़ती शराब, बढ़ती घरेलू हिंसा-महिलाओं का कहना है कि नगर के कई मोहल्लों में घर-घर अवैध महुआ शराब की भट्टियां चल रही हैं, जिससे शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। इस आसानी से उपलब्ध शराब ने युवा पीढ़ी और पुरुषों को बुरी तरह जकड़ लिया है, जिससे नगर में मद्यपान और नशाखोरी की लत व्यापक रूप से फैल चुकी है। इस अवैध कारोबार का सबसे बुरा असर घरों पर पड़ रहा है। महिलाएं भारी परेशानी झेल रही हैं क्योंकि पुरुष बड़ी मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं। जब वे इसका विरोध करती हैं, तो उन्हें घरों में गाली-गलौच, मारपीट और धमकी का सामना करना पड़ता है। लगातार घरेलू हिंसा का शिकार होकर त्रस्त हो चुकी इन महिलाओं ने अब शांति और सुरक्षा की मांग की है। महिलाओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि गंझूपारा की इन महिलाओं ने संयुक्त रूप से स्थानीय प्रशासन और पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। उनकी मुख्य मांगें अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल और कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।, नगर के मोहल्लों में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। उनके घरों में शांति बहाल हो सके और उनका परिवार सुरक्षित जीवन जी सके। नारी शक्ति का यह कदम यह दर्शाता है कि अवैध नशे के खिलाफ अब समाज स्वयं जागृत हो रहा है, और यदि प्रशासन जल्द सख्त कदम नहीं उठाता, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है। वही वार्ड पार्षद सुमित कुमार शर्मा ने कहा कि मैं महिलाओं के द्वारा लिए गए निर्णय का स्वागत करता हु वास्तव में नगर में चलाई जा रही अवैध महुवा शराब भट्टियां के कारण पुरुष वर्ग युवा वर्ग शराब के इतने आदी हो गए है कि दिन रात हप्तों तक शराब पी कर घरों में पड़े रहते है कोई काम पर नही जाते महिलाओं बच्चों के साथ मारपीट करते है। इनके ऊपर पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्यवाही करते हुए रोकथाम करे कार्यवाही नही होने की दशा में महिलाएँ स्वयं कार्यवाही करेंगी और एक व्यापक जन आंदोलन का रूप लेगा शराबबंदी से आने वाले युवा पीढ़ी बचेगी।

### मौत की घाटी बनी ...

जनता सड़कों के नाम पर गड्ढों में चल रही है। अब प्रशासन की तरफ से सड़कों की मरम्मत के नाम पर पेचवर्क तो किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य ऐसा हो रहा है कि मरम्मत की गई सड़क हाथों से खुरच कर ही उखड़ने लगी है। रेचुवाघाट रोड पर किए गए पैचवर्क को हाथों से खुरचा तो सारा मलबा हाथों में आ गया। इससे साफ पता चलता है कि किस तरह से क्षेत्र की जनता की गाढ़ी कमाई भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। यह बात कांग्रेस के पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण शर्मा ने कही।

कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा के साथ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रत्ना पैंकरा, सुरेंद्र यादव, हरि यादव सहित अन्य लोग रोड पर लोगों के बुलावे पर पहुंचे थे। लोगों ने उन्हें दिखाया कि किस तरह से नई बनी सड़क पर गड्ढे बन गए जिन्हें छिपाने लीपापोती कर यहां पैचवर्क के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जिस सड़क को नया बनाना चाहिए था, उसे पैचवर्क करके लोकनिर्माण विभाग सरकार और प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लंबे समय से रेचुवाघाट के गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है। जनता बेहाल हो चुकी है, लेकिन शासन-प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। लोग परेशानी झेल रहे हैं। जो भी सड़कें टूटी हैं, उनको बनाने में कोई खास दिलचस्पी नजर नहीं आ रही। क्योंकि रेत-मिट्टी में ही पैचवर्क करके संबंधित विभाग ने अपने काम को पूरा हुआ दिखा दिया है। रेचुवाघाट रायगढ़-रायपुर आने के लिए यह मुख्य रास्ता है। रोजाना हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं। लोगों के दुपहिया, तिपहिया व चारपहिया वाहन कबाड़ हो रहे हैं, लेकिन किसी को कोई चिंता नहीं है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विभाग जल्द ही इस पर ध्यान नही देता है तो वे इसका खुलकर विरोध करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से आबंटित राशि के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुये इसकी शिकायत करने की बात कही। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा है कि इस पर ध्यान देकर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण हो नही तो सड़क पर उतरने मजबूर होंगे।